तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट





14 पेट्रोल-डीजल संकट गहराया, जिले के कई ...



13 समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन खरीदी सुस्त, कड़े ...


## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# नवरात्रि के सातवें दिन शीतला मंदिर में हुई मां कालरात्रि की आराधना, मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि के सातवें दिन बुधवार को मां कालरात्रि की उपासना श्रद्धाभाव से की गई। मटिया गांव के प्रमुख मां शीतला मंदिर पर पिछले सात दिनों से आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। भक्तों ने देवी को जल और पुष्प चढ़ाकर मनोकामना पूर्ति की कामना की।

नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को दुर्गा माता के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की गांव के शीतला मंदिर में आराधना की गई। देवी मंदिरों में भक्तों मां काली के सिद्ध मंत्र का उच्चारण कर किया। भक्तों ने जलाभिषेक के साथ देवी को पुष्प, गुग्गल, लौंग के अर्पित कर मनौती मांगी। गांव के देवी मंदिरों में जमकर भक्तों की भीड़ रही। मटिया के माँ शीतला मंदिर पर भक्तों की खासी भीड़ रही। भक्तों को पूजा-अर्चना के लिए इंतजार में धूप में खड़ा होना पड़ा। देवी के विशेष श्रृंगार के दर्शन के लिए देवी मंदिरों पर देर रात तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा।

मंदिर की व्यवस्था में गांव के पंडित बोसेन्द्र पांडेय, तुकाराम साहू, होरीलाल पाटिल, तातू साहू, रामकुमार वर्मा, धनेश साहू, सनत पाटिल, तिहारु निषाद, राधे हरि पांडेय, दिलिप साहू, गवेन्द्र साहू, तेजराम विश्वकर्मा, पिंटू पाटिल, मानसिंह साहू, प्रभुलाल वर्मा सहित जय शीतला सेवा समिति मटिया के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

## नवरात्रि के सातवें दिन मटिया के शीतला मंदिर में हुई मां कालरात्रि की आराधना

### अष्टमी पर नौ कन्या भोज आज

शीतला मंदिर मटिया में अष्टमी पर गुरुवार को 108 कन्या भोज जाएगा। कोसपातर-बारगांव में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माता के नौ रूपों को नौ प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन होगा।



### शीतला अष्टमी पर मां को लगाया जाता है बासी खाने का भोग

हर माह की लगभग सभी तिथि किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित है. चैत्र माह में पड़ने वाली अष्टमी तिथि को अष्टमी तिथि के नाम से जाना जाता है. इस दिन मां शीतला माता की विधि-विधान से पूजा की जाती है। शीतला अष्टमी के दिन मां को बासी भोजन का भोग लगाने की परंपरा है। इस दिन मां शीतला को मीठे चावल और बासी रोटी का भोग लगाते हैं। यह भोग एक दिन पहले यानी सप्तमी तिथि की शाम को ही बना लिया जाता है। जहां मीठे चावल, गुड़, चावल से बनते हैं या फिर गन्ने के रस या गुड़ से बनाए जाते हैं।

**योजना :** 5 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित, जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे उपस्थित

# जिले के 19,113 हितग्राहियों को 19 करोड़ 11 लाख 30 हजार अंतरित, भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

निर्धन और भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत राज्य सरकार ने बड़ी पहल की है।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि अंतरित की। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के 19,113 चिन्हित हितग्राहियों के खातों में कुल 19 करोड़ 11 लाख 30 हजार रुपए की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से पहुंचाई गई। कार्यक्रम में




प्रतीक स्वरूप 5 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति वर्ष 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में दी जाएगी। इससे भूमिहीन मजदूर परिवारों के जीवन स्तर में सुधार होने के साथ उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिलेगी।

साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ने से शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अजय साहू, राजेंद्र शर्मा एवं राज्य किसान मोर्चा संयोजक हर्षवर्धन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और किसान उपस्थित रहे।

### सभी विकासखंडों में आयोजित हुए कार्यक्रम

नवागढ़, बेरला, साजा सहित जिले के सभी विकासखंडों में भी योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवागढ़ तहसील में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी प्रकार अन्य विकासखंडों में भी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# दो किलो 952 ग्राम गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल एवं सिटी कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध गांजा बिक्री में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 2 किलो 952 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 33 हजार रुपये आंकी गई है, जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुसमी निवासी एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री कर रहा है।

सूचना की पुष्टि के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान आरोपी पवन कुमार पाठक (55



वर्ष) के घर से प्लास्टिक झिल्ली में रखे गए 23 पैकेट गांजा एवं बिना पैकेट गांजा बरामद किया गया। कुल वजन 2 किलो 952 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

### पुलिस टीम की अहम भूमिका

इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला सहित साइबर सेल एवं कोतवाली थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




**खबर संक्षेप**

## मंदिरों में महाष्टमी आज

**सड़क अतरिया।** अंचल के देवी मंदिरों में कल गुरूवार को महाष्टमी मनाया जाएगा। नर्मदा मंदिर, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा, चोरड़ाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर तथा शीतला मंदिर में महाष्टमी मनाने की तैयारी की गई है। नर्मदा मंदिर में प्रातः साढ़े 10 बजे अनुष्ठान किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती एवं कन्या भोज कराया जाएगा। शुक्रवार को गोधुली बेला में पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं सेवा गीत के साथ शोभा यात्रा निकाल कर ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

## स्नेह सम्मेलन का आयोजन 28 को

**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ मंच संचालन समिति के मीडिया प्रभारी विजय जैन ने बताया कि समिति द्वारा आगामी 28 मार्च को जोशीलमती में वार्षिक स्नेह एवं होली मिलन समारोह, रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के मंच संचालक शामिल होते है। कार्यक्रम में कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की जा रही है। समिति के संयोजक चंद्रशेखर परघनिया, अध्यक्ष सोहनलाल साहू, टिकेंद्र कुमार, राजेश साहू, गणेश यदु, संजय मैथिल, हरीश साहू, सुमित यादव, चंद्रभूषण साहू, अमित साहू, तिलक राज सिन्हा, दुष्यंत देशमुख, विमल साहू, भूपेंद्र निषाद, भोलेराम पटेल, डा वेद प्रकाश साहू, रामेश्वर निर्मलकर आदि ने सहयोग राशि जमा कर दी है।

## चमन वर्मा को मिली युवा मोर्चा की कमान

**साल्हेवारा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष विशेषर साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू की अनुशंसा से मंडल भाजयुमो अध्यक्ष चमन वर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेश पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, दीपू मानिकपुरी, मुकेश साहू, महामंत्री उमेश मरकाम, करण पटेल, मंत्री नोहर सोनवानी, तेजूराम मार्ते, अभिषेक श्रीवास्तव, धर्मेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेश यादव को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी पवन मरावी एवं मीडिया प्रभारी खेम साहू हैं।

## बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में गत दिनों जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष टामेश्वर साहू , सरपंच ललिता साहू, प्राचार्य रमेश चौधरी, सदस्य ललिता टांडेकर एवं चंद्रकला सोनकर शामिल हुई। बैठक में छात्रों संख्या में वृद्धि , महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्रों को प्रेरित करने, प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन, पानी की उचित व्यवस्था जैसे अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समस्त विषयों पर समिति ने यथासंभव पहल करने का आश्वासन दिया। आय व्यय पर भी चर्चा की गई । इस दौरान डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी , कंचन साहू उपस्थित थी।

## नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

**डोंगरगांव।** कर्मा भवन मटिया में साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह समारोह में शिरकत करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष महेश्वर साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने नव युगलों को आशीर्वाद दिया।

## कृषि महाविद्यालय ने किया सज्जाक का सम्मान

**छुईखदान।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ने समाजसेवी और पत्रकार सज्जाक खान को मोमेंटो एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया।ज्ञात हो कि क्षेत्र में पान की खेती को लेकर आमजन के सहयोग से पुनः इसे विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। पान अनुसंधान केंद्र और कृषि महाविद्यालय के प्रयास से पान की खेती को पुनर्जीवित करने की दिशा में पहल की गई है। इस पहल में क्षेत्र के छह प्रमुख किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जिससे इलाके में नई उम्मीद बनी है।

# सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध अकलवारा की माता दंतेश्वरी, सोई हुई मुद्रा में विराजमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम अकलवारा (विकासखंड साजा) में विराजमान माता दंतेश्वरी का मंदिर क्षेत्र में गहरी आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां माता दंतेश्वरी सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में पूजी जाती हैं और विशेष बात यह है कि वे यहां सोई हुई मुद्रा में विराजमान हैं, जो इस स्थल को और भी अद्वितीय बनाता है।

ग्रामीणों के अनुसार माता दंतेश्वरी अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं और उन्हें संकटों से रक्षा प्रदान करती हैं। ग्राम के ध्रुव साहू बताते हैं कि साजा मार्ग पर स्थित इस पावन धाम में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से ज्योति जलाते हैं, उनकी इच्छाएं अवश्य पूरी होती हैं। यही कारण है कि यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर में वर्ष में दो बार क्वांर नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना और ज्योति कलश प्रज्ज्वलन किया जाता है। इस वर्ष माता दंतेश्वरी मंदिर में 107 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जो भक्तों की बढ़ती आस्था का प्रतीक है।

मंदिर में पंडा-पुजारी के रूप में दुकलहा राम सिन्हा, कामता साहू, तुकाराम साहू और धनेश्वर गोंड सेवा दे रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और जो भी इस मार्ग से गुजरता है, वह माता के दर्शन अवश्य करता है।

### सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में पूजी जाती हैं माता दंतेश्वरी



#### मंदिरों में भी श्रद्धा का दीप

ग्राम अकलवारा में स्थित शीतला माता मंदिर में भी 38 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जहां सखाराम साहू और आनंद राम साहू सेवा में लगे हैं। वहीं नवनिर्मित नवग्रह शनि मंदिर में 15 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जहां दुखित राम साहू और फगुआ राम साहू पूजा-अर्चना का दायित्व निभा रहे हैं। माता दंतेश्वरी का यह धाम न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति भी होती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित करते हैं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



**समस्या : लंबी कतारों में घंटों खड़े रहे वाहन चालक**

# पेट्रोल-डीजल संकट गहराया, जिले के कई पेट्रोल पंप हुए ड्राई, गैस संकट भी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आमजन इन गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे लोगों के सामने अब पेट्रोल-डीजल का संकट भी खड़ा हो गया है। बुधवार को शहर सहित पूरे जिले के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों को घंटों लंबी कतारों में खड़े होकर ईंधन भरवाना पड़ा। स्थिति इतनी गंभीर रही कि कई पेट्रोल पंप पूरी तरह 'ड्राई' हो गए, जबकि जहां ईंधन उपलब्ध था वहां मारामारी जैसे हालात बने रहे।

सुबह से ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें पेट्रोल पंपों के बाहर लग गईं। वाहन मालिकों को काफी मशक्कत के बाद अपनी बारी मिल पाई। कई लोग एक पंप से दूसरे पंप तक भटकते नजर आए। शहर के अधिकांश पंपों पर पेट्रोल खत्म हो चुका था, वहीं सीमित पंपों पर ही पेट्रोल-डीजल मिल रहा था। पेट्रोल पंप कर्मचारियों के अनुसार, डिपो से ईंधन की सप्लाई समय पर नहीं मिल पा रही है। पहले डिपॉजिट जमा करने के अगले ही दिन सप्लाई मिल जाती थी, लेकिन अब 4 से 5 दिन बाद वह भी सीमित मात्रा में पहुंच रही है। इसी कारण अचानक मांग बढ़ते ही पंपों में कमी की स्थिति बन गई।

### आशंका से 'फुल टंकी' का ट्रेंड

ईंधन की संभावित किल्लत की आशंका ने लोगों में डर पैदा कर दिया है। जो वाहन मालिक पहले 100-200 रुपये का पेट्रोल डलवाते थे, वे अब फुल टंकी करवाने में जुट गए हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ती नजर आई। वही शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने की स्थिति बन गई। वाहन मालिक एक पंप से दूसरे पंप तक भटकते रहे। जिन पंपों पर ईंधन उपलब्ध था, वहां भी भीड़ इतनी अधिक थी कि लोगों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति भी देखने को मिली और लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**दो घंटे लाइन में लगकर मिला पेट्रोलः** एक स्कूल शिक्षक ने बताया कि शहर के करीब 6 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं मिला। आखिरकार पुराना बस स्टैंड स्थित पंप पर करीब दो घंटे लाइन में लगने के बाद ईंधन मिल सका। इस तरह के हालात ने प्रशासन के सब कुछ सामान्य होने के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**गैस संकट भी बरकरार**





### पंप संचालकों की अपील- घबराएं नहीं

पेट्रोल पंप संचालकों ने कहा कि सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं है, सिर्फ देरी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें, ताकि सभी को ईंधन सुचारु रूप से मिल सके।

### जिले 50 हजार पेट्रोल, 80 हजार डीजल की रोज खपत

मिली जानकारी अनुसार जिले में रोजाना खपत के तौर पर देखा जाए तो पेट्रोल लगभग 50 हजार लीटर प्रतिदिन का वही डीजल करीब 80 से 90 हजार लीटर प्रतिदिन है । जिले में 70 से अधिक पेट्रोल पंप संचालित पेट्रोल पंप हो रहे ।

### गैस सिलेंडर संकट भी बरकरार

जिले में पेट्रोल-डीजल की शुरुवात हुई है लेकिन गैस सिलेंडर की समस्या भी खत्म नहीं हुई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले एक महीने से ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसियों में जाने पर एक-दो दिन में सप्लाई का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन वितरण में लगातार देरी हो रही है। कुछ मामलों में नई प्रक्रिया के नाम पर दोबारा औपचारिकताएं पूरी कराने की बात कही जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को 40-45 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।

## मुर्रा संकुल के शिक्षकों की बैठक में जाति निवास प्रमाण पत्र और समयबद्धता पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

मुर्रा संकुल केंद्र के शिक्षकों की बैठक प्राथमिक शाला अकोली में रखी गई। बैठक मेंसंकुल समन्वयक, नेतराम साहु, संकुल प्रभारी शैलेश कोसरे, प्रधान पाठक उपेंद्र सिंह, परमेंद्र कुमार निषाद, दिनेश कुमार बरैहा सरपंच सुनिता निषाद, गंगा राम देशलहरे, कौशल वर्मा, यशवंत साहु, समेत संकुल के समस्त प्रधान पाठक, उपस्थित रहे, बैठक में छात्रों के जाति निवास प्रमाण पत्र एवं शिक्षकों को समय पर शाला पहुंचने, एम वी यू जानकारी शत प्रतिशत कराने प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला अकोली के प्रधान पाठक परमेंद्र निषाद एवं सहयोगी शिक्षको द्वारा समस्त छात्रों को नेवता भोज भी कराया गया।

## डॉक्टरों ने घायल बछड़े का किया ऑपरेशन, मिली पीड़ा से मुक्ति



**नांदघाट।** सड़क दुर्घटना में घायल बछड़े का पैर टूटा था। फैक्चर हो जाने के कारण हड्डी नहीं जुड़ पाई। गैंगरीन होने के कारण घाव भी नहीं भर पाया। मजबूरन टूटे हड्डी के स्थान को काट कर अलग करना पड़ा। बछड़े को पीड़ा से मुक्ति का एक मात्र रास्ता यह ही था। नांदघाट और मारो में पदस्थ दक्ष पशु चिकित्सक डॉ वी आर आडिल एवं डॉ कुरैशी ने सुरक्षित तरीके से गल रहा पैर काट कर फायर ड्रेसिंग किया। जिला गौसेवा समिति के सदस्य विवेक शुक्ला गौ सेवक मनीष शुक्ला सरपंच प्रतिनिधि रोहित निषाद गगन गिरी मयंक शुक्ला जाकीर सूरज कुमार राजेंद्र मरावी राजेंद्र नवरंग काका नवलेश सत्तु उमेंद बारले जितेंद्र बारले उपस्थित रहे।

# सिंघौरी स्कूल में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया, नवकन्या को कराया भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।स्कूली बच्चे रंग बिरंगी पोशाक में तैयार होकर स्कूल पहुंचे थे तो वहीं प्राथमिक विभाग से कुछ बच्चे नवदुर्गा के रूप में तैयार होकर स्कूल पहुंचे थे।संस्था प्रमुख सरस्वती साहू सहित समस्त स्टॉफ द्वारा इन नवकन्या की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए एंव नवश्रृंगार भेट किया गया।

साथ ही साथ केला,हलवा पूड़ी भी प्रसाद स्वरूप भोग लगाया गया।सरस्वती साहू द्वारा चैत्र नवरात्रि पर नवकन्या पूजा एंव कन्या भोज के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।इस दौरान स्कूल में धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक सहित शशिकला यादव,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, किरण खरे, पूनम साहू, साजन वर्मा एंव 5वी परीक्षा में केंद्राध्यक्ष के रूप में आये शीतल राजपूत उपस्थित रहे।

# मां कर्मा जयंती पर ग्राम नेवनारा में भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

तहसील भिंभौरी अंतर्गत ग्राम नेवनारा में मां कर्मा जयंती के अवसर पर भव्य भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए।

■ मां कर्मा जयंती सामाजिक एकता का प्रतीक : योगेश तिवारी

आयोजन के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई। कार्यक्रम में लोक कला मंच द्वारा "जय धरती माँ के बेटी" पंडवानी पार्टी की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि माँ कर्मा जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि मां कर्मा का जीवन हमें कर्म, सेवा और समाज के प्रति समर्पण का संदेश देता है, जिसे सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम स्तर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रम आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। साथ ही, भूमिपूजन और लोकार्पण जैसे कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास की मजबूत नींव रखते हैं। योगेश तिवारी ने युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं को समझते हुए समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब गांव में सड़क, भवन और सामुदायिक सुविधाओं का विकास होता है, तो इससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आता है और गांव आत्मनिर्भर बनते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से ही ऐसे कार्यक्रम सफल होते हैं।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान सरपंच लोकेश साहू, उपसरपंच निरा लहरें, रेखा पोषण सिन्हा (जनपद सदस्य) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास और सामाजिक एकता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

**अभिनेत्री सुष्मिता सेन के हाथों मिला सम्मान, महिला सशक्तिकरण में योगदान की सराहना**

# जिपं अध्यक्ष कल्पना नारी शक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के लिए गर्व और सम्मान का क्षण तब सामने आया, जब जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी को राजधानी रायपुर में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित "नारी शक्ति सम्मान 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सुष्मिता सेन के करकमलों से प्राप्त हुआ।

इस उपलब्धि ने पूरे जिले का मान भी बढ़ाया। कल्पना योगेश तिवारी को यह सम्मान उनके द्वारा समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर एवं प्रभावी कार्यों के लिए प्रदान किया गया। वे वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही हैं। तिवारी द्वारा संचालित "मां गोदावरी आनंदवन 250 वृद्धाश्रम" समाज सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस आश्रम में असहाय, निराश्रित और वृद्धजनों को न केवल आश्रय दिया जाता है, बल्कि उन्हें सम्मान, स्नेह और सुरक्षा भी प्रदान की जाती है। उनका यह प्रयास समाज के कमजोर वर्ग के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समर्पण को दर्शाता है।




### नारी का सम्मान हर दिन होना चाहिएः कल्पना

सम्मान प्राप्ति के बाद कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि "नारी शक्ति सम्मान एक बड़ा मंच है, लेकिन महिलाओं का वास्तविक सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। हर महिला में माँ दुर्गा का स्वरूप है और उनका सम्मान प्रतिदिन होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास का संचार होता है।तिवारी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी भी है। इससे उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने भरोसा जताया कि वे भविष्य में भी महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों के हित में निरंतर कार्य करती रहेंगी। अंत में उन्होंने इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे बेमेतरा जिले की जनता को समर्पित किया।

